हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 29 मार्च 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 जिला जेल में भावपूर्ण और मानवीय आयोजन...



07 हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से बीस एकड़ में खड़ी...



**खबर संक्षेप**

### जिले में 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा गेहूं का उपार्जन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 1 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन पर निगरानी बनाए रखने और इसे रोकने के आदेश दिए हैं। उन्होंने आदेश दिए हैं कि मंडी एवं उप मंडी में गेहूं की आवक व विक्रय पर निगरानी रखे और अवैध परिवहन पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही करें।

### हिट एंड रन मामलों में बैठक आयोजित

**सीहोर।** हिट एंड रन के प्रकरणों में तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा द्वारा अनुभाग के सभी तहसीलदारों एवं थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसडीएम श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हिट एंड रन के मामलों में प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को शीघ्र राहत पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसलिए ऐसे मामलों में देरी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर कार्रवाई से पीड़ितों एवं उनके परिजनों को जल्द सहायता मिल सकेगी, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान संभव होगा।

### रामनवमी के दिन ही सीहोर जिला मुख्यालय के आसपास 4 खेतों में लगी आग, जिम्मेदार बने मूक दर्शक

# बैठकों में सीमित रहे कलेक्टर बालागुरू के निर्देश हर दिन खेत में जली नरवाई, खाक हो रही फसल

मार्च महीने में सीहोर जिला मुख्यालय के आसपास एक दर्जन से अधिक गांवों में नरवाई और फसलें आग से हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली समय सीमा की बैठकों में कलेक्टर के निर्देश फाइलों और सभागार की दीवारों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। जमीनी हकीकत इसके उलट है। जिले में गर्मी की दस्तक के साथ ही खेतों में नरवाई जलाने का सिलसिला बेखौफ जारी है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि आसपास खड़ी गेहूं की फसलें भी खाक हो रही हैं। कृषि विभाग और राजस्व अमले की निष्क्रियता के चलते किसान अपनी साल भर की कमाई को आंखों के सामने जलता देखने को मजबूर हैं।

बता दें कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा प्रत्येक टीएल बैठक में कृषि विभाग को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं कि किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्हें बताया जाए कि आग लगाने से जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और मित्र कीट मर जाते हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जुर्माना लगाने और संयुक्त निगरानी के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद मैदानी अमले ने इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया। न तो किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया और न ही आग लगाने वालों पर कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई की गई।



#### केवल मुख्यालय का हाल, जिले की तस्वीर और भी भयावह

गौर करने वाली बात है कि उक्त घटनाएं केवल जिला मुख्यालय के आसपास की हैं। सीहोर जिले का विस्तार बुदनी, आष्टा और इछावर विधानसभा क्षेत्रों तक है। यदि इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण अंचलों के आंकड़े जुटाए जाएं तो आगजनी की यह तस्वीर और भी भयावह नजर आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में दमकल वाहनों की कमी और कृषि विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण किसान भगवान भरोसे हैं।

#### जनता में डर, प्रशासन बेफिक्र

खेतों में लगती आग से आम जनमानस और किसान डरा हुआ है। एक तरफ जहां किसान अपनी पकी हुई फसल को बचाने के लिए रात-दिन पहरा दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सिस्टम पूरी तरह बेफिक्र नजर आ रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने का अभाव और वैकल्पिक नरवाई प्रबंधन जैसे रीपर या अन्य मशीनरी के प्रति उदासीनता ने आग में घी डालने का काम किया है।

#### मार्च महीने में आगजनी का तांडव

सोशल मीडिया और फेसबुक पर हर दिन खेतों में लगती आग के वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं, जो प्रशासन के दावों की पोल खोल रहे हैं। केवल सीहोर शहर के आसपास के क्षेत्रों पर नजर डालें तो आंकड़े डराने वाले हैं।

27 मार्चः ग्राम थूना खुर्द में आग ने इतना विकराल रूप लिया कि खेत में बना घर भी जलकर राख हो गया। इसी दिन मुंगावली, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे और रामाखेड़ी के खेतों में भी आग ने जमकर तांडव मचाया।

26 मार्चः ग्राम कपूरी और महोडिया में नरवाई की आग ने भारी नुकसान पहुंचाया।

ये महज एक ही फेसबुक की एक आईडी से प्राप्त जानकारी

27 मार्चः ग्राम थूना खुर्द में फसल के साथ खेत पर बना घर में आग से हुआ खाक

27 मार्चः ग्राम मुंगावली में लगी आग, ग्रामीणों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

24 मार्चः मुगीसपुर डिमार्ट के समीप कबाड़े की दुकान में लगी आग

16 मार्चः बरखेड़ी-हीरापुर के बीच गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

16 मार्चः ग्राम आलपुरा गांव में खेत में लगी भीषण आग

16 मार्चः लसूडिया परिहार में खेतों में लगी आग

15 मार्चः मुल्लानी गांव में लाइट फाल्ट होने से खेत में लगी आग

14 मार्चः ग्राम चांदबड़ में खेतों में लगी आग

12 मार्चः गुड़भेला वेयर हाउस के पीछे सेतोष के खेत में लगी आग, डेढ़ एकड़ की फसल स्वाह

11 मार्चः झागरिया रोड पर गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग.

09 मार्चः ग्राम निपानियां खुर्द में खड़ी फसल में लगी आग

#### किसान परेशान, किसानों ने सरकार से की राहत राशि एवं बीमा राशि देने की मांग



ग्राम राम खेड़ी में गेहूं की फसल में लगी अचानक भीषण आगजनी से 15 एकड़ की गेहूं की फसल जलकर हुई खाक दुखी किसान परेशान किसानों ने सरकार से लगे राहत राशि एवं बीमा राशि देने की मांग किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा को ग्राम राम खेड़ी के किसानों ने बताया कि हमारे लगभग की गेहूं की फसल में आगजनी से नष्ट हो गई जलकर खाक हो गई जिनमें किसान कुबेर सिंह मेवाडा 3:30 एकड़ भूमि एवं किसान दिलीप सिंह 3:30 एकड़ भूमि एवं गोपाल सिंह में बड़ा किसान दो एकड़ भूमि धर्मेंद्र किसान की एक एकड़ भूमि किसान अरविंद मेवाड़ा 1 एकड़ भूमि किसान बाबूलाल की दो एकड़ भूमि ऐसे लोग किसानों के लगभग 15 एकड़ भूमि की भूमि में गेहूं की फसल खड़ी थी जिसमें अचानक अज्ञात कारण से आग लगने से गेहूं की फसल पूरी जलकर नष्ट हो गई इस मौके पर सभी किसानों ने दूरभाष पर कृषि अधिकारी श्री देवड़ा जी से चर्चा की तो श्री देवड़ा जी ने किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा को बताया कि की गेहूं की फसल में अचानक आग लगने से इन किसानों को बीमा राशि देने का नियम नहीं है आप तहसील जाइए तहसील से राहत राशि मिलेगी इस बात को दुखी होकर के किसानों ने खेत में जली हुई फसल में प्रदर्शन का नारे लगाते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एवं क्षेत्र के सांसद व केंद्र कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से मांग करिए कि हम किसानों की गेहूं की फसल में अज्ञात कारण से यदि आग लगती है तो राहत राशि तो मिल जाती है लेकिन हम किसानों की बीमा राशि क्यों नहीं मिलती जबकि हर फसल का बीमा बैंक ऑटोमेटिक काट लेती है लेकिन आग लगने के बीमा नहीं मिलता है तो किसानों ने मांग की है कि आग लगने का भी नियम कानून बनाया जाए और उसका भी बीमा राशि मिलना चाहिए।

## गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग

**नलखेड़ा।** गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ ने कानपुर सांसद रमेश अवस्थी द्वारा लोकसभा में पत्रकारिता के पुरोधा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग करने पर आभार व्यक्त किया है। संघ के स्थानीय शाखा प्रमुख आशीष जैन व राजेंद्र सकलेचा ने बताया कि विगत दिनों कानपुर बीजेपी सांसद रमेश अवस्थी ने संसद में गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग की थी। उन्होंने संसद में कहा कि विद्यार्थी ने अपने अखबार प्रताप के जरिए ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के खिलाफ मजबूत आवाज उठाई और स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक ताकत दी थी। अवस्थी ने सदन में कहा कि विद्यार्थी ने भगत सिंह समेत कई क्रांतिकारियों का समर्थन किया था। 25 मार्च 1931 को कानपुर दंगों के दौरान उन्होंने लोगों की जान बचाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनकी शहादत पर महात्मा गांधी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा था कि काश उन्हें भी ऐसी ही मृत्यु प्राप्त होती, जिसमें वे हजारों लोगों की जान बचाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर पाते। गांधी जी ने यह भी माना था कि स्वतंत्र भारत में प्रधानमंत्री पद के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी प्रमुख दावेदार होते। सांसद अवस्थी ने मांग की कि कानपुर में उनकी शहादत स्थली का सुंदरीकरण कर वहां स्मारक और स्मृति वाटिका बनाई जाए। साथ ही प्रताप प्रेस को विकसित कर राष्ट्रीय पत्रकारिता संग्रहालय बनाया जाए, ताकि नई पीढ़ी उनके योगदान से प्रेरणा ले सके। गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ के प्रमुख सदस्य शिरीष सकलेचा ने कहा कि दिल्ली लोकसभा परिसर में भी गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा स्थापित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जी का जीवन और बलिदान देश के लिए प्रेरणास्रोत है, इसलिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।



## बड़ागांव के समीप यात्री बस ने खाई पलटी, एक की मौत, 18 घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शनिवार सुबह सुसनेर से कुरावर जा रही एक यात्री बस के चालक ने पैदल जा रहे एक राहगीर को टक्कर मार दी एवं उसके बाद अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। घटना में राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई एवं 18 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 10 गंभीर घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रैफर किया है।

शनिवार प्रातः लगभग 7.45 बजे बड़ागांव-मोहन बड़ोदिया मार्ग पर गुराड़िया जोड़ के समीप यात्री बस क्रमांक एमपी 39 पी 0265 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए भैंस लेकर जा रहे गोकुलसिंह पिता भगवानसिंह यादव को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित होकर बस पलटी खा गई। दुर्घटना में गोकुलसिंह यादव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया व बस में सवार 18 यात्री घायल हो गए। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एकत्रित हो गए साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिनके द्वारा निजी वाहनों से मृतक सहित सभी घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा गोकुलसिंह को मृत घोषित किया गया। घायलों में 10 गंभीर रूप से घायल होने पर उनका प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। 3 घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है वहीं 5 घायलों का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद बस का चालक फरार हो गया। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



#### जिला चिकित्सालय में घायलों से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष

दुर्घटना में गंभीर घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय आगर में चल रहा है जिनके हाल चाल जानने भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय पहुंचे। जहां उन्होंने उपचाररत घायलों से चर्चा की एवं मौके पर उपस्थित चिकित्सकों को उचित उपचार के निर्देश दिए।

### वृहद विधिक जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डीएस चौहान के मार्गदर्शन में शनिवार को सामुदायिक भवन गांधी उपवन, आगर मालवा में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीतिराजसिंह सिसौदिया उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अश्विनी सिंह, एसडीएम सुसनेर किरण बरबडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव गुप्ता, जिला श्रम पदाधिकारी बीएल राठौर तथा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सुरेन्द्र मारू मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया तथा अतिथियों का स्वागत पौध वितरण कर किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अश्विनी सिंह ने महिलाओं एवं आमजन को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण संबंधी प्रावधानों सहित विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही नालसा द्वारा संचालित आशा योजना, तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना तथा एसिड अटैक पीड़ित सहायता योजना के बारे में भी अवगत कराया।

मुख्य अतिथि नीतिराज सिंह सिसौदिया ने कहा कि कानून की जानकारी होने से अधिकांश कानूनी समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी प्राप्त कर सशक्त बनने का आह्वान किया तथा बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। शिविर में विधिक जागरूकता प्रदर्शनी एवं हेल्पडेस्क भी स्थापित किया गया, जहां पैरालीगल वालेंटियर्स एवं पैनल अधिवक्ताओं द्वारा निःशुल्क विधिक सलाह प्रदान की गई। सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से दो दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित की गई।





## प्रसिद्ध कथा वाचक जया किशोरी पहुंचीं मां बगलामुखी मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर शनिवार को प्रसिद्ध कथा वाचक जया किशोरी पहुंचीं। उनके साथ उनकी माता व अन्य परिजन मौजूद रहे। मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं जया किशोरी ने दर्शन के दौरान देश की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी हरिओम गुरुजी ने जया किशोरी को मां की चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया। दर्शन के उपरांत जया किशोरी ने मंदिर के पीछे स्थित यज्ञशाला में हवन-अनुष्ठान भी किया। जया किशोरी इंदौर से नलखेड़ा पहुंचीं थीं और यहां धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद शाम 4 बजे पुनः इंदौर के लिए रवाना हो गईं। उनके आगमन को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा।

## खबर संक्षेप

### संपन्न हुआ गुरु महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम

**देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कालानी बाग स्थित गुरु मंदिर प्रसाद भवन में नौ दिवसीय श्री गुरु महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रमानुसार प्रतिदिन भक्ति, कीर्तन और प्रभु स्मरण के आयोजन नियत थे। अंतिम दिवस मंडी व्यापारी धर्मशाला में महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें देवास सहित दूर-दूर से गुरुभक्त आए और प्रसादी ग्रहण की। श्री गुरु महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम 19 मार्च से प्रारंभ हुआ और 27 मार्च तक चला। पहले दिन आरती, नाम स्मरण और सप्तक भजन मंडल का आयोजन हुआ। दूसरे दिन राम रक्षा स्तोत्र पाठ, सुंदरकांड, तीसरे दिन श्री हनुमान चालीसा, नाम स्मरण तथा अभय माणके एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत भजन-गीत रामायण का प्रस्तुतिकरण हुआ। चौथे दिन नियमित श्री नाम स्मरण व आरती के अलावा अथर्वशीर्ष सहस्त्रावर्तन तथा पांचवें दिन लघु रुद्र अभिषेक, छठे दिन श्री मारुति स्तोत्र पाठ व संस्कृति प्रश्नमंच, सातवें दिन अखंड श्री नाम स्मरण तथा आठवें दिन श्री गुरु महाराज जन्मोत्सव मनाया गया। नौवें दिन श्री सत्यनारायण पूजन तथा एबी रोड स्थित मंडी व्यापारी धर्मशाला में भोजन प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन के दौरान भक्तजनों ने श्री गुरु महाराज नाम स्मरण कॉपी जमा कराई। साधन वितरित किए गए।

### 40 फीट गहरे कुएं में गिरे मजदूर, तीन घायल

**देवास।** जिले के ग्राम शिप्रा में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। कुएं में काम करते समय पालकी का बेल्ट टूटने से तीन मजदूर करीब 40 फीट गहरे कुएं में गिर गए। हादसे में तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मजदूर कुएं से बांस निकालने के लिए पालकी से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान पालकी का बेल्ट टूट गया और उसमें बैठे तीनों मजदूर कुएं में जा गिरे। घायल मजदूरों की पहचान रामचरण, पप्पू और संजू के रूप में हुई है, जो राजगढ़ जिले के निवासी हैं। हादसे के बाद कड़ी मशक्कत से तीनों को कुएं से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास द्वारा आयोजित हुआ मेगा विधिक जागरूकता एवं आउटरीच शिविर

# जिला जेल में भावपूर्ण और मानवीय आयोजन बंदी-शिशु मिलाप हुआ, बच्चों ने की अपने माता-पिता से मुलाकात





### बंदियों को दी विधिक अधिकारों की जानकारी, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास द्वारा शनिवार को एक दिवसीय "मेगा विधिक जागरूकता एवं आउटरीच शिविर" का आयोजन जिला जेल देवास में किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर उमाशंकर अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश, डॉ रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास, नीलेंद्र कुमार तिवारी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड देवास, प्रियांशु पांडे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड देवास, निकिता वार्ष्णेय पांडे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड देवास, कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, सौरभ जैन व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड देवास, विद्या भूषण प्रसाद जेल अधीक्षक, सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी, लीगल डिफेन्स काउन्सिल से नीलिमा राय चीफ, त्रिलोक पाटीदार डिप्टी चीफ, अभिषेक तिवारी असिस्टेंट, अर्शील खान असिस्टेंट, सामाजिक न्याय विभाग से उपसंचालक संगीता यादव के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




#### कार्यक्रम में कलेक्टर एसपी, प्रधान न्यायाधीश ने किया संबोधित

प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने उपस्थित बंदियों को समझाईश देते हुए कहा कि आवेश में आकर कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे कि आपको जेल जाना पड़े और अपने परिवारजन से दूर रहना पड़े। उन्होंने कहा कि आप अपनी सकारात्मक सोच के साथ अपनी शक्ति को समाज और परिवार के लिए सही दिशा में लगाए। साथ ही अपनी सहनशक्ति को बढ़ाएं जिससे कि आप देखेंगे की छोटी-छोटी बातों पर आप गुस्सा करते है और आवेश में आकर बड़े-बड़े अपराध हो जाते हैं उस गलत कार्य से आप बच जाएंगे । उन्होंने कहा कि में विशेष रूप से अपने आपको धैर्यवान रखने, नफरत की भावना से कोई कार्य न करें, सहन करने की क्षमता बढाएं, जिससे कि आप बड़े अपराध होने से बच सकें और एक अच्छा व्यक्ति बनकर जेल से घर जाएं। शिविर (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) के लीगल सर्विसेज कैम्प मॉड्यूल के अनुरूप आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को उनके विधिक अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास एवं जिला जेल देवास द्वारा बंदियों को दी जा रही सभी सुविधाओं का लाभ लेकर अपने जीवन को प्रेरणा स्त्रोत बनाये, और जेल में रहकर अच्छी चीजें सीखकर जाये। उन्होंने कहा कि यहां से जाने के बाद अपने में जीवन में सकारात्मक सोच लेकर जाएं और भविष्य में एक अच्छी मिसाल पेश करें। पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने राज्य शासन और केंद्र शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बंदियों को बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका के बारे में बताते हुए उनका लाभ लेने के लिए जागरूक किया और यह भी कहा कि कानून के दायरे में रहे, गलत रास्ता नहीं अपनाये, अगर आप कानून तोड़ेंगे तो फिर आपको उसका दंड भी भुगतना पड़ेगा। इसलिए आप विशेष रूप से कानून का पालन करें एवं कानून के प्रति जागरूक रहें । उमाशंकर अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश देवास ने जिला जेल देवास में जो ई लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ है उसके बारे में बंदियों से जानकारी ली गई। लीगल एड डिफेंस काउंसिल की ओर से असिस्टेंट अभिषेक तिवारी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। शिविर में महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के प्रतिनिधि अधिकारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी, व्याख्यान के माध्यम से उपस्थित बंदियों को दी। पैनल अधिवक्ताओं एवं विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ताओं द्वारा निःशुल्क विधिक परामर्श प्रदान किये जाने हेतु जागरूक किया।

#### बंदी-शिशु मिलाप - एक मानवीय पहल

इसी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल, देवास में एक अत्यंत भावपूर्ण एवं मानवीय आयोजन "बंदी-शिशु मिलाप" प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में कारागार में निरुद्ध बंदियों के बच्चे एवं परिवारजनों ने उनसे मुलाकात की। यह पहल बंदियों के पारिवारिक संबंधों को बनाए रखने एवं उनके मनोबल को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए ड्राइंग शीट एवं कलर वितरित किए गए, जिस पर बच्चों ने अपने मन की बात एवं अपने बंदी पिता के साथ प्रेम के संबंध को रंगों से उकेरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास एवं जेल के इस नए बंदी शिशु मिलाप से सभी कैदी अपने बच्चों से मिलकर भावुक हुए और इस नए आयाम के लिए न्यायाधीशगणों का आभार प्रकट किया। बंदियों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के इस नए आयाम की सराहना कर अपने विचार साझा किए तथा धन्यवाद दिया। बच्चों ने भी अपने पिता से मिलने के भाव प्रकट करते हुए कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा जल्द से जल्द पिता की रिहाई के लिए निवेदन किया।

बच्चों को उनके बंदी पिता से मिलने देने के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र का धन्यवाद किया। उक्त कार्यक्रम पश्चात बंदियों के बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। बच्चों द्वारा की गई ड्राइंग को सभी न्यायाधीशगणों ने प्रोत्साहित किया।

#### कैदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

इसी अवसर पर जिला जेल में बंद कैदियों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास एवं शासकीय महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय देवास एवं अमलतास अस्पताल देवास के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। शासकीय महात्मा गाँधी अस्पताल देवास और अमलतास अस्पताल देवास से आई स्वास्थ टीमों ने उपस्थित बंदियों की स्वास्थ्य सबंधी जांच की। "इस शिविर का उद्देश्य विधिक जागरूकता को बंदियों तक पहुंचाना है। बंदी-शिशु मिलाप एवं स्वास्थ्य शिविर विधिक सेवाओं के मानवीय पक्ष को सामने लाना हैं।" बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं बंदी-शिशु मिलाप कार्यक्रम दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद दिया।

## गुर्जर गोड ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुर्जर गोड ब्राह्मण समाज का पांचवां निःशुल्क अखिल भारतीय युवा–युवती परिचय सम्मेलन रविवार को श्याम गार्डन, उज्जैन रोड पर आयोजित किया जाएगा। आयोजन देवास जिला सभा द्वारा किया जा रहा है, जो सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी होंगे, जबकि अध्यक्षता अखिल भारतीय गुर्जर गोड ब्राह्मण महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी करेंगी। विशेष अतिथियों में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संरक्षक सत्यप्रकाश जोशी, समाज के मंत्री प्रद्युम्न जोशी, प्रांतीय अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रानी व्यास, पूर्व मंत्री दीपक जोशी, राष्ट्रीय महिला महामंत्री भारती तिवारी, प्रांतीय महामंत्री सुबोध शर्मा, महिला प्रांतीय




अध्यक्ष प्रीति पुरोहित, महिला महामंत्री शीला शर्मा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा पूर्व राज्य मंत्री योगेंद्र महंत, जिला कांग्रेस धार के अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, राष्ट्रीय सचिव रितेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला, वर्तमान अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव पुरुषोत्तम शर्मा, महाराष्ट्र प्रांतीय अध्यक्ष सागरमल जोशी, आंध्र-तेलंगाना प्रांतीय अध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय तथा पूर्व राष्ट्रीय युवक संघ अध्यक्ष रमेश खटोड़ भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयोजन जिला सभा के संरक्षक एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद व्यास के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा एवं संयोजक कमलेश शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से समाजजन शामिल होंगे। आयोजन में आने वाले समाजबंधुओं के लिए निःशुल्क चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि गौतम की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ होगा। इस अवसर पर "मधुर मिलाप" स्मारिका का विमोचन किया जाएगा तथा समाज के 21 सेवाभावी व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में मध्य प्रदेश सहित राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से लगभग दो हजार समाजबंधुओं के शामिल होने की संभावना है।

### 466 किलो अवैध धावड़ा गोंद किया जब्त



**कांटाफोड़।** वन परिक्षेत्र के वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे धावड़ा गोंद को जब्त किया। कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक उज्जैन एवं वन मंडल अधिकारी देवास के निर्देशन तथा उपवन मंडल अधिकारी कन्नौद के मार्गदर्शन में की गई। 25 मार्च को परिक्षेत्र अधिकारी विधि सिरोलिया के आदेश अनुसार गश्ती के दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम ने कांटाफोड़ से चंद्रकेशर बांध मार्ग पर स्थित नवोदय विद्यालय के पुराने गेट के पास एक संदिग्ध बोलेरो पिकअप वाहन को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में 466 किलोग्राम अवैध धावड़ा गोंद पाया गया।वाहन चालक गंगा प्रसाद पिता राधेश्याम से गोंद के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद वाहन एवं गोंद को जब्त कर आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक भागीरथ टाटू, बीटगार्ड कमलेश प्रजापति, सचिन जोशी, सुरक्षा श्रमिक रमेश तथा वाहन चालक आदित्य वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## माता के जयकारों के साथ मटकी ज्योत का चल समारोह के साथ किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर के छिपा पूरा स्थित मां अंबिका माता मंदिर पर पिछले कई सालों से चैत्र नवरात्र में मां की अखंड ज्योत नौ दिनों तक जलाई जाती है जिसका प्रतिदिन विधि विधान से आरती पूजन किया जाता है। गरबा, भजन व अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन प्रतिदिन किया जाता है। शनिवार को दशमी पर ढोल धमाको व चल समारोह के साथ रानी दमयंती तालाब की पाल पर विसर्जन किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए और नवरात्रि में 9 दिनों तक जलने वाली मां की मटकी ज्योत का विधि विधान के साथ तालाब में विसर्जन किया गया।

## लौहपुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में व्यापक साइक्लोथॉन आयोजित

# एकता, अनुशासन और स्वास्थ्य जागरुकता का दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत की एकता एवं अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में निरंतर दो वर्षों तक जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं ।

उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा शनिवार को प्रदेश के प्रत्येक थाना स्तर तक प्रातःकालीन साइक्लोथॉन आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जिले में एसपी पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में शहर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक स्तर पर साइक्लोथॉन का सफल आयोजन किया गया।

शहर में आयोजित साइक्लोथॉन में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी गेहलोद, एएसपी जयवीर भदौरिया, सीएसपी सुमित अग्रवाल सहित सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही। साइक्लोथॉन रैली सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर एमजी चौराहा, रामनगर चौराहा, केलादेवी चौराहा, विकास नगर चौराहा, मधु मिलन चौराहा, टाटा चौराहा तक पहुंची एवं पुनः निर्धारित मार्ग से होते हुए इंदिरा गांधी चौराहा से यू-टर्न लेकर सिद्धिविनायक परिसर में समापन हुआ। इसी प्रकार जिले के समस्त देहात क्षेत्रों में भी SDOP एवं थाना/चौकी प्रभारीगण द्वारा स्थानीय नागरिकों, युवा खिलाड़ियों, नगर रक्षा समिति, ग्राम रक्षा समिति, एनसीसी, एनएसएस, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों एवं पुलिस स्टाफ की सहभागिता से साइक्लोथॉन आयोजित कर व्यापक जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

#### जनभागीदारी से सशक्त संदेश

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। देवास पुलिस द्वारा इस अवसर पर "फिटनेस, अनुशासन एवं राष्ट्र प्रथम" के संदेश को प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया।

## भंवरनाथ गुरुकुल के छात्रों को मिला सुयश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

लक्ष्य साफ हो, और शिद्दत से मेहनत की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है।₹ भँवरनाथ गुरुकुल भौंरासा के छात्रों ने कक्षा पांचवी, आठवीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता हासिल की। प्रधानाचार्य मनीष कुमावत ने बताया कि कक्षा आठवीं पांचवी की बोर्ड परीक्षा में सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। हर्षित पर्वत सिंह ठाकुर ने 92.5% और दानिश इसरार अली ने 91.5% अंकों के साथ उत्कृष्ट विद्यालय की चयन परीक्षा में चयनित होकर दोहरी सफलता हासिल की। वही कक्षा पांचवी में वंशिका विजय शर्मा ने 83.5 अंक लाकर परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। दोनों ही कक्षाओं के छात्रों को स्कूल समिति सदस्य संजय यादव,श्याम कुमावत, राजेंद्र यादव और शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

### भूकंप आपदा से निपटने का प्रशिक्षणः युवाओं को सिखाए गए बचाव के गुर

**विदिशा।** आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने एसएटीआई के स्मार्ट क्लास कक्ष में एक दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी, क्षमतावर्धन एवं जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं एसडीईआरएफ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र एवं स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्यों में सहयोग की क्षमता विकसित होती है। प्रशिक्षण में प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे एवं एसडीईआरएफ जवानों ने भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव तकनीकों की जानकारी दी। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### शीतलनाथ शाखा विदिशा का होली मिलन व वार्षिक बैठक संपन्न

**विदिशा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद शीतल नाथ शाखा द्वारा होली मिलन समारोह हुआ। समारोह की शुरुआत मंगलाचरण से हुई उसके बाद संगीतमय भक्ताम्बर का पाठ व भजन हुए। नीलमणि जैन प्रांतीय प्रभारी, रानू जैन लश्करी अध्यक्ष, रेशू जैन दरबार सचिव, और सपना जैन कोषाध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रारंभ की। नवीन सदस्यों का परिषद से जोड़ा गया एवं परिषद का कार्य समझाया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंत मे आभार सुप्रिया जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

### सैटेलाइट मॉनिटरिंग से नरवाई जलाने का एक भी मामला नहीं

**विदिशा।** फसल अवशेष (नरवाई) जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए वर्ष 2026 में सेटेलाइट मॉनिटरिंग प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के क्रीम्स पोर्टल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार विदिशा जिले में नरवाई जलाने का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, कृषि विभाग और किसानों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। विभाग ने सुपर सीडर, स्ट्रॉ रीपर, मल्चर और जीरो टिलेज सीड ड्रिल जैसे यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया तथा अनुदान भी उपलब्ध कराया।

### हाउसवाइफ से अब सफल उद्यमी बन गईं नेहा सिंधी

**विदिशा।** डंडापुरा निवासी बीकॉम शिक्षित नेहा सिंधी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आईडीबीआई बैंक खड़ी फाटक से 18 लाख रुपये का ऋण लेकर फर्नीचर मार्ट स्थापित किया। पहले गृहिणी रहीं नेहा अब सोफा, कुर्सी, टेबल, ड्रेसिंग व डाइनिंग टेबल सहित विभिन्न फर्नीचर का निर्माण कर रही हैं। उनके उत्पादों की मांग विदिशा के साथ रायसेन, होशंगाबाद और भोपाल तक बढ़ी है। उद्योग से उन्हें प्रतिमाह करीब 60 हजार रुपए आय हो रही है तथा 6-7 लोगों को रोजगार मिला है। नेहा अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं।

## किसान ने रोते-बिलखते कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन दिया

# हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से बीस एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जली



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

हार्वेस्टर से चल रही फसल की कटाई के दौरान निकली चिंगारी से कई एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी। घटना के बाद रोते-बिलखते किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन ओएसडी अनिल कुमार दीक्षित को डीएम के कैम्प कार्यालय पहुंच कर सौंपा।

तहसील महरौनी परगना बानपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंदवाहा में रहने वाले किसानों ने डीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि शनिवार 28 मार्च को सुबह करीब 10 बजे खेतों में खड़ी फसल को हार्वेस्टर से फसल की कटाई की जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान हार्वेस्टर से चिंगारी निकलने लगी, जिसे देखकर किसानों ने हार्वेस्टर चालक से मशीन को तत्काल बंद कर देने की बात कही। कुछ समय बाद फिर से हार्वेस्टर डुलीचंद्र पुत्र घन्सा, मौजी पुत्र खम्बे, पप्पू, अजुद्दी पुत्र चिप्पे, रामप्रसाद पुत्र कम्मोद, प्रमोद कुमार पुत्र रामप्रसाद, अरविन्द कुमार पुत्र रामप्रसाद, हल्काई पुत्र कम्मोद, रामरतन चौबे पुत्र मुन्नालाल, जगदीश पुत्र चिम्मे, शिवचरण पुत्र डिब्बे के अलावा अन्य किसानों के खेतों में खड़ी फसल पर चालक द्वारा चला दिया गया और फिर से हार्वेस्टर से निकली चिंगारी गेंहू के खेत में जा गिरी, जिससे करीब 20 एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी। किसानों ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन के जरिए हार्वेस्टर चालक व मालिक के खिलाफ कार्रवाई, मौके जांच-सर्वे और मुआवजा दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय किसानों का नेतृत्व कर रहे अजय नायक सिंदवाहा, प्रमोद कुमार, रामरतन चौबे, हल्काई, अजुद्दी, सुकलाल रजक, आर.पी., जगदीश, आशीष विश्वकर्मा, डुलीचंद्र, कमल, रामचरन, रामरती, अभय रजक, प्रवेश रजक के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

### पीड़ित कृषकों को हुई क्षति के आकलन के लिए जांच कराई, जल्द मिलेगी क्षतिपूर्ति राशि

किसानों की खेत में खड़ी गेहूं की फसल व भूसा जलने आदि की घटनाओं को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए सम्बंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि अपने क्षेत्रान्तर्गत हो रही आग लगने की घटनाओं को मौके पर जाकर जांच करें और फसल खलियान दुर्घटना के अंतर्गत पीढ़ति किसानों को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी द्वारा दिये गए आदेशों के क्रम में तहसील महरौनी के मौजा समोगर की आ०सं० 1424 व 1426 में खड़ी गेहूँ की फसल व भूसा जलने की घटनाओं में तहसील महरौनी ने जांच कर अवगत कराया है कि दिनांक 27 मार्च को दोपहर के समय लगभग 2 बजे खेतों में अज्ञात कारणों से आग लगने से कुछ किसानों की गेहूँ की फसल व भूसा जलकर नष्ट हो गया है, जिनमें जगदीश पुत्र पंखुवा की 0.267 हे0 में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गयी है, इसी प्रकार से राकेश साहू पुत्र सुन्दर लाल रकवा 0.016 हे० में गेहूँ की फसल, संगीता पत्नी अजयकुमार का लगभग 150 कुन्तल भूसा, आलम पुत्र पंखुवा 12 कुन्तल भूसा जलकर नष्ट हो गया है। इसी प्रकार तहसील महरौनी के ही ग्राम सिंदवाहा में 28 मार्च को सुबह लगभग 11 बजे अज्ञात कारणों के चलते खड़ी फसल में आग लगने से कई किसानों को फसल क्षति हुई है, जिनमें हल्काई पुत्र कम्मोद की 0.485 हे0, अजुद्दी पुत्र चिम्बे की 0.167 हे0, शिवचरण पुत्र ठिप्पे की 1.136 हे0, मौजी पुत्र गम्पे की 0.250 हे0, पप्पु पुत्र गम्पे की 0.250 हे0, अरविन्द्र कुमार पुत्र रामप्रसाद की 0.083 हे0 एवं राम प्रसाद पुत्र कम्मोद की 0.239 व 0.412 हे0 फसल जलकर नष्ट हो गई है। अतः उपरोक्त घटनाओं का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने तत्काल क्षति की जांच कराकर रिपोर्ट तलब की और प्रभावित कृषकों को फसल खलियान दुर्घटना का लाभ दिलाये जाने हेतु उनके आवश्यक दस्तावेज यथा आधारकार्ड, बैंक पासबुक आदि प्राप्त किये हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पीढ़ति किसानों के साथ है और उन्हें खलियान दुर्घटना की क्षतिपूर्ति दिलाये जाने के लिए युद्धस्तर पर कार्यवाही की जा रही है।

## विरोध करने पर विवाद

# दबंगों ने किसान की जमीन जबरन जोती, मारने धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम अगौड़ी में दबंगों द्वारा एक किसान की कृषि भूमि पर संगठित रूप से कब्जा करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम सौजना निवासी लल्लू पुत्र गुमान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राजस्व ग्राम अगौड़ी में उसकी पत्नी सुमन के नाम 1.277 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज है। इस भूमि का बंटवारा एसडीएम मड़ावरा के न्यायालय से जनवरी 2025 में हो चुका है और राजस्व टीम द्वारा इसकी पैमाइश भी की जा चुकी है। पीड़ित का आरोप है कि इसके बावजूद विपक्षीगण उसकी जमीन पर गिद्ध दृष्टि जमाए हुए हैं। पीड़ित के अनुसार, बीती 5 नवंबर 2025 को दोपहर करीब 2.30 बजे ग्राम अगौड़ी निवासी नारायण सिंह, सुम्मेर सिंह, सोवरन सिंह, मोनू सिंह और शिवेन्द्र सिंह ने एक राय होकर जबरन उसकी जमीन जोतकर फसल बो दी थी।

जब लल्लू ने खेत पर जाकर उन्हें रोका, तो आरोपियों ने उसे भद्दी-भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि 21 मार्च 2026 की रात को आरोपियों ने खेत में खड़ी गेहूं की फसल भी चोरी-छिपे काट ली। थाना सौजना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी नारायण सिंह, सुम्मेर सिंह, सोवरन सिंह, मोनू सिंह और शिवेन्द्र सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

# घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ की, तीन पर मुकदमा दर्ज किया

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कस्बा मड़ावरा निवासी पन्ना झा ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीते दिनों देवेंद्र कुमार, सुनील जैन और आशीष एक राय होकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर की बाउंड्री तोड़ दी और मना करने पर गाली-गलौज करते हुए पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने करीब 50 हजार रुपये की क्षति पहुंचाई और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली, जिसके आदेश पर अब मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ससुरालियों ने विधवा बहू को बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

थाना क्षेत्र के कस्बा पूराकलां में एक मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक विधवा महिला को उसके ही सास-ससुर और देवरों ने मिलकर बेरहमी से पीट दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद से ही उसके ससुराल वाले उसे घर से भगाने के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं।

पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता रूबी रजक पत्नी स्व.कंछेदी ने बताया कि करीब 10 माह पूर्व उसके पति की मृत्यु हो गई थी। तब से वह अपने बच्चों के साथ ससुराल में ही रह रही थी। आरोप है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग उसे अक्सर घर से बाहर निकालने की धमकी देते रहते हैं। घटना शुक्रवार, 27 मार्च की सुबह करीब 8 बजे की है। रूबी अपने घर पर थी, तभी उसके ससुर प्रागी रजक, सास पार्वती रजक और दो देवर मदन व पप्पू रजक वहां आए और उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब पीड़िता ने गाली देने का विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने मिलकर उसे लाठी-डंडों और लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घायल अवस्था में पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### क्रेडिट कार्ड से 86 हजार की ठगी, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ ऑनलाइन साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति और ओटीपी के करीब 86 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, वर्षा विलियम निवासी जिला चिकित्सालय परिसर ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर बताया कि 15 जनवरी 2026 को उनके बैंक के क्रेडिट कार्ड से 86,109.98 रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए। पीड़िता को इस लेन-देन की जानकारी 23 जनवरी को तब हुई जब बिल जनरेट हुआ। पीड़िता के अनुसार घटना से पहले उनके पास कथित बैंक कस्टमर केयर से कॉल आई थी, जिसमें कार्ड से संबंधित जानकारी ली गई। इसके बाद अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके खाते से रकम पार कर दी। इस संबंध में थाना कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नेहरू महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

# स्वच्छता अभियान, संगोष्ठी से जागरूकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर




नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में शनिवार को चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, स्वच्छता जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.(डा.) अनिल सूर्यवंशी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि गंदा वातावरण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है और इससे विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने स्वच्छता को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताते हुए इस पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इसके उपरांत प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता रैली को रवाना किया, जिसमें स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात कृषि संकाय में आयोजित स्वच्छता जागरूकता संगोष्ठी में डा. एच.सी. दीक्षित ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ वातावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपने घर, महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। संचालन एनएसएस इकाई चतुर्थ के कार्यक्रम अधिकारी मनीष वर्मा ने किया, जबकि आभार कार्यक्रम अधिकारी डा.राजीव निरंजन ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डा.संतोष कुमार सिंह, डा.गिरेंद्र सिंह, डा.बलराम द्विवेदी, डा.जगत कौशिक, डा.अवनीश त्रिपाठी, इंजी.विपिन कुमार शुक्ला, डा. सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा। शिविर में छात्र-छात्राओं में मनोज कुमार, सविनय साहू, शिव शक्ति सागर, निखिल साहू, आदित्य सिंह, मानसी पाटकार, अंशिका, आशिफा, बुशरा बानो, कोपल, रिया, सुंदरी आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### नशे में दबंगों ने युवक को पीटा

**ललितपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी कला में शराब के नशे में धुत तीन दबंगों द्वारा एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में घायल युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बम्हौरी कला निवासी सन्तराम पुत्र प्रकाश अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि मंगलवार, 24 मार्च की शाम करीब 5 बजे वह अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही बाबूलाल, शीषपाल और विश्वनाथ मिले, जो शराब के नशे में थे। पीड़ित का आरोप है कि तीनों आरोपी बिना किसी कारण उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब सन्तराम ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए और उन्होंने लाठी-डंडों, लात-घूसों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित का सिर फट गया और वह घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी बाबूलाल, शीषपाल और विश्वनाथ के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

# स्टेशन पर चेकिंगः 60 यात्री पकड़े, 52 हजार वसूले



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

ललितपुर रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों के खिलाफ मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मजिस्ट्रेट अरुण क्रांति और सहायक वाणिज्य प्रबंधक (अउट) अनिल श्रीवास्तव ने किया। साथ ही सीटीआई मनोहर लाल मीणा भी पूरी टीम के साथ मौके पर तैनात रहे।चेकिंग के दौरान बिना टिकट और गलत तरीके से यात्रा कर रहे कुल 60 यात्रियों को पकड़ा गया। इन पर कुल 52,390 रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसमें से 35,850 रुपये कोर्ट फाइन और 16,540 रुपये रेल किराया के रूप में मौके पर ही वसूल किए गए। कुल 56 मामलों में यात्रियों ने तत्काल जुर्माना भरकर अपनी रसीद कटवाई।इस सघन चेकिंग अभियान को सफल बनाने के लिए आरपीएफ के 08 और जीआरपी के 05 जवान सुरक्षा में तैनात रहे। साथ ही लगभग 28 चेकिंग स्टाफ के सदस्यों ने स्टेशन पर मोर्चा संभाले रखा।

### स्कूटर को लेकर विवाद में दुकानदार से मारपीट कर तोड़फोड़ की

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूटर को लेकर हुए विवाद ने मारपीट और तोडफ़ोड़ का रूप ले लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, व्ही. बाजार के सामने दुकान चलाने वाले अवनीश कुमार पुत्र कपूर चंद्र ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान आरोपी श्रेय जैन पुत्र संजीव कुमार जैन उनका स्कूटर लेकर चला गया। काफी देर बाद स्कूटर वापस आने पर जब उन्होंने आपत्ति जताई तो आरोपी अपने साथियों के साथ दुकान में घुस आया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दुकान में तोडफ़ोड़ की और पीड़ित के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान खाली कराने की भी बात कही। घटना को आसपास के दुकानदारों ने भी देखा। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी प्रभावशाली और दबंग प्रवृत्ति के हैं, जिससे उसे अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी श्रेय जैन, संजीव कुमार, राजीव कुमार सहित 2-3 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचे

# डीएम-एसपी ने फ्लैग मार्च कर स्थलीय निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर




जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने संयुक्त रूप से शहर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को पूरी सतर्कता व सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान डीएम-एसपी ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों की भी सघन चेकिंग की। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी मानक नियमों का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने पेट्रोल पंप संचालकों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने दी जाए तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके अलावा संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए भी कहा गया। प्रशासन की इस सक्रियता से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आमजन में भरोसा बढ़ा है।

## महिला सशक्तीकरण के तहत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान

# मिशन शक्ति अभियान 05, छात्राओं ने संभाली नपा की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



महिला सशक्तीकरण के तहत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल देखने को मिली। नगर पालिका परिषद में एक अनूठे कार्यक्रम के तहत श्री दिगम्बर जैन सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 12 वीं की छात्रा मानवी साहू को एक दिन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष तथा छात्रा हिमांशी रिछारिया को अधिशासी अधिकारी बनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान दोनों छात्राएं नगर पालिका परिषद पहुंचीं और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने दोनों छात्राओं का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। एक दिन के लिए जिम्मेदारी संभालने वाली छात्राओं ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। इस पहल से छात्राओं में आत्म विश्वास बढने के साथ ही उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला। अध्यक्ष ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत इस प्रकार की पहल बालिकाओं के आत्मविश्वास, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनके सशक्त हुए बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। वहीं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के विशेष चरण के अंतर्गत जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर और 181 हेल्पलाइन जैसी योजनाएं संचालित हैं। कार्यक्रम के दौरान कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चौबे, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, जन्म-मृत्यु लिपिक विनोद कुमार, आरडीसी लिपिक अमित पाराशर तथा विद्यालय की अध्यापिका कीर्ति झा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कालातीत ऋण वाले किसानों की सूची तैयार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कृषि ऋण लेकर जमा नहीं करने वाले किसान नहीं बेंच पाएंगे अपनी जमीन

### वसूली प्रक्रिया भी बढ़ाने के हुए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला सहकारी बैंक एवं उससे जुड़ी विभिन्न शाखाओं एवं समितियों से सालों पहले लोन लेकर उसे अब तक न चुकाने वालों के लिए यह खबर गंभीर हो सकती है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिले के ऐसे सभी किसानों, व्यक्तियों की सूची तैयार करने के निर्देश सीसीबी के जिम्मेदारों को दिए हैं, साथ ही तल्ख निर्देश प्रदान किए कि डिफाल्टर किसानों की कृषि भूमियों पर बकाया ऋण राशि खसरे में दर्ज करें ताकि उन जमीनों को बेचने की स्थिति में रजिस्ट्री न हो पाए।

जिलाधीश ने डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सहकारी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिला सहकारी बैंक से जुड़े कालातीत (डिफाल्टर) किसानों की विस्तृत सूची तैयार कर संबंधित खसरा अभिलेखों में दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि बकाया राशि की वसूली की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जा सके।

### किसी ने खरीद ली महंगी कारें तो किसी ने तानी बिल्डिंग

जिला सहकारी बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर किसानों ने अपनी जमीनों पर लोन कृषि ऋण के रूप में लिया लेकिन उन्होंने लोन राशि का उपयोग उस मद में किया ही नहीं। सूत्रों के अनुसार किसी कृषक ने या तो लग्जरी कारें खरीद लीं या फिर बड़ी-बड़ी बिल्डिंगे तानकार अब उक्त लोन राशि को भरने के मूड में नहीं है। करीब 50 करोड़ से अधिक की लोन राशि जिले के विभिन्न किसानों के नाम दर्ज है जो उन्होंने लेने के बाद जमा ही नहीं करवाई।

### वित्तीय अनियमितता करने वालों पर दर्ज करवाएं एफआईआर

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीसीबी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे किसानों की जानकारी राजस्व अभिलेखों में अंकित होने से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि वसूली कार्यवाही में भी तेजी आएगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सुस्तानी सोसायटी में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जांच के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जाए।

### वसूली में बढ़ाएं तेजी

इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले की सभी सहकारी समितियों, जहां ऋण की बकाया राशि अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाकर वसूली कार्य को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सहकारी संस्थाओं का संचालन पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से किया जाए, जिससे किसानों को समय पर लाभ मिल सके और वित्तीय अनुशासन बना रहे।

## नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में आए 21 दूल्हों का घोड़ों से निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के ढकोरा रोड स्थित श्री संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर 21 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। मंदिर समिति ने सेवा और समर्पण की एक अनुपम मिसाल पेश करते हुए शुक्रवार को 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करवाया। पूरी तरह निःशुल्क आयोजित इस सम्मेलन में सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता का नजारा देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह शहर के बस स्टेंड स्थित श्री वैष्णो देवी माता मंदिर से हुई। जहां से दूल्हों 21 को घोड़ों पर सवार कर चल समारोह प्रारंभ किया। यात्रा गाजे-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सम्मेलन स्थल ढकोरा रोड पहुंची। इस बीच यात्रा का शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। ब्यावरा की सड़कों पर उत्साह का माहौल रहा और लोग इस पुण्य कार्य के साक्षी बने।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बंधे परिणय सूत्र में

सम्मेलन स्थल पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में पूर्ण कराई गईं। समिति द्वारा नवदंपत्तियों के लिए भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी थीं। समिति का उद्देश्य उन परिवारों की सहायता करना है जो आर्थिक कारणों से भव्य आयोजन करने में असमर्थ हैं। यह आयोजन पूरे शहर के सहयोग से सफल हुआ है।

### समिति सदस्य से सजी नई गृहस्थी

निःशुल्क सम्मेलन होने के बावजूद समिति और स्थानीय दानदाताओं की ओर से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट स्वरूप दिया गया ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत सुगमता से कर सकें। यह आयोजन न केवल फिजूलखर्ची रोकने का संदेश देता है, बल्कि समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का भी बोध कराता है। देर शाम तक चले इस मांगलिक उत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कलाकारों ने दिखाए अखाड़े के करतब

# श्रीराम नवमी पर निकला चल समारोह, भक्तिमय हुआ शहर



**खुजनेर।** श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को फूलमाली समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभु भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिससे पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। समारोह में भगवान श्रीराम की आकर्षक और भव्य झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही बजरंग अखाड़ा के कलाकारों और छोटी बालिकाओं ने हैरतअंगेज अखाड़ा करतब प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुजन श्रीराम के भजनों और गीतों पर झूमते-गाते हुए पूरे मार्ग में शामिल रहे। चल समारोह माताजी मोहल्ले से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, झंडा पीपल, मस्जिद चैक, पुराना थाना, इमली बाजार और जीरापुर रोड होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचा। जहा महाआरती कर महाप्रसादी वितरण की गई। इस बीच नगर में चल समारोह का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### मंदिरों में हुए विशेष आयोजन

राम नवमी के अवसर पर नगर के मंदिरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेड़ापति हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। वहीं मस्जिद चैक स्थित श्री चरण दास जी मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव पर दिव्य श्रृंगार, महाआरती एवं छप्पन भोग के दर्शन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान शहर में उत्साह, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

# गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नवरात्रि पर्व पर नगर के गायत्री शक्तिपीठ पर नवम दिन धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ हवन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी, ज्योत्सना दांगी ने सपरिवार सम्मिलित होकर यज्ञ में आहुतियां देकर सुख शांति समृद्धि क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। गायत्री शक्ति पीठ जीरापुर के लिए मंगल कामना करते हुए मंदिर जीर्णोधार और सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा विधायक द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि नगर में धार्मिक आयोजन का सिलसिला प्रतिदिन चलता है जिसमें हर धार्मिक स्थान पर महिलाओं की भागीदारी नजर आती है वर्तमान समय में धर्म के प्रति सबकी आस्था बढ़ रही है उससे सब कुशल है। मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी, परिवाचक रामनिवास, सूरजमल भावसार, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, गिरीराज (सुमन) गुप्ता सहित अन्य महिला मंडल सदस्यों ने सम्मिलित होकर यज्ञ का लाभ लिया।

# मालाकार फूलमाली ने धूमधाम से मनाया रामनवमी पर्व, शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के मालाकार फूलमाली समाज द्वारा रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी समाजजन नगर के सामाजिक हिंगलाज माता मंदिर पर एकत्रित हुए जहां से शोभायात्रा नगर में निकाली गई। जिसमे एक आकर्षक भगवान राम की चलित झाकी सजाई गई थी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी।जिसमें समाज के युवा वा महिला पुरुष भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। यात्रा का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया।

बस स्टैंड चैराहे पर एक हार्वेस्टर शोभायात्रा के बीच में आ गया। जिसके कारण शोभायात्रा में व्यवधान उत्पन्न हुआ। साथ ही यह महिला व बच्चों के लिए भी दुर्घटना का कारण बन सकता था। इसमें पुलिस की लापरवाही नजर आई, एक महिला कांस्टेबल ही बच्चों और महिलाओं को हार्वेस्टर से दूर करती दिखी। जबकि पुरुष पुलिसकर्मी इन सबके बीच नदारत थे। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर वापस हींगलाज माता मंदिर पहुंची जहां सभी समाजजनों ने पूजन आरती कर महाप्रसादि ग्रहण की।

# सेन समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रामनवमी पर्व






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के मुखर्जी चौक स्थित सर्व सेन समाज मंदिर में रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे समाजजन मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का विशेष माहौल बना रहा। दोपहर 12 बजे पंडित मुकेश द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए प्रभु श्रीराम के जयकारों से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अखिलेश चौहान, वरिष्ठ समाजजन राधेश्याम चौहान, उमाशंकर पचलानिया, दिनेश चौहान, सुरेश चौहान, जुगल चौहान, यशवंत चौहान (नाना), निलेश चौहान, मयंक चौहान, दिव्यांश चौहान और शौर्य चौहान सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन में समाज की एकता और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव महाआरती के बाद दी गई बधाईयां

नगर के श्रीराम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर धाम स्थित राम नाम बैंक रामायण मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान कापिलेश्वर के पूजन एवं अभिषेक से हुई। इसके पश्चात संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं नगर के शनिदेव मंदिर में भी विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम की महाआरती उतारी गई। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और प्रसाद वितरण किया गया।

# भैंसवामाता में महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ श्रीराम कथा विश्राम, श्रद्धालुओं ने ली प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर



मालवांचल के प्रसिद्ध देवी शक्ति पीठ माता बिजासन भैंसवा माता के धाम पर गुड़ी पड़वा के पावन अवसर से चैत्र नवरात्र में शुरू हुए 108 कुंडिय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुक्रवार को विधिवत यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। गुरुवार को जहां महाअष्टमी को विशेष आहुतियां यजमानों द्वारा दी गई थी तो दूसरी ओर शुक्रवार रामनवमी के अवसर पर महायज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई।

जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर,पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय वा अन्य गणमान्य नागरिक बंधुओं के साथ सभी एक सो आठ कुंड यजमान जोड़े और प्रधान यजमान सत्यनारायण माहेश्वरी परिवार सहित समिति के सभी सदस्य माता बिजासन पुजारी परिवार सदस्य शामिल हुए। यज्ञाचार्य पंडित इंद्रजीत पाराशर यज्ञाचार्य पंडित संजय कृष्ण व्यास सहित सभी सैकड़ा भर कुंडाचार्य एवं ग्रामचार्य ओम पाठक द्वार विशेष पूजन सम्पन्न कराई गई। वहीं प्रसिद्द कथावाचक प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज अयोध्या धाम के मुखारबिंद से पिछले नो दिनों से चल रही रामकथा का विश्राम भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न हुआ।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**श्योपुर।** विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा का पुत्र नितिन मल्होत्रा बीती रात को उस समय ऑटो की टक्कर से घायल हो गया,जब वह बाइक पर सवार होकर पनवाडा मेला से कराहल की तरफ लौट रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए विधायक पुत्र को कराहल अस्पताल से रैफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि परिजन नितिन को इलाज के लिए पहले शिवपुरी और फिर ग्वालियर ले गए है। यह हादसा गुरूवार की रात पौने नौ बजे उस समय घटित हुआ,जब नितिन मल्होत्रा पनवाडा माता मंदिर पर आयोजित मेले को देखकर वापस कराहल लौट रहा था,। शंकरपुर गांव के नजदीक उसकी बाइक की ऑटो से भिडंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार नितिन मल्होत्रा गंभीर रूप से घायल हो गया है। कराहल थाना पुलिस ने का कहना है कि हादसा घटित हुआ है,लेकिन परिवार के लोग इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए फिलहाल थाने नहीं आए है।

## पारायण समिति में भव्यता से मनाया गया श्रीराम का जन्मोत्सव

# दोपहर 12 बजते ही 'भए प्रकट कृपाला' से गूंजा आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के पारायण चौक में श्री राम-जन्मोत्सव विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर 12 बजते ही समूचा मंदिर परिसर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और भगवान की महाआरती आरंभ हुई। आयोजन में नगर के सैकड़ों श्रृद्धालु महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए और धर्मलाभ लिया। राम-जानकी मंदिर की महाआरती में सम्मिलित होने के उपरान्त श्रृद्धालुओं ने सामने स्थित राधा-कृष्ण मंदिर एवं गिर्राजजी की भी पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इसके उपरान्त मंदिर में आए प्रत्येक जन को विषेष प्रसादी एवं चरणामृत का वितरण करवाया गया।

### नगर के अन्य मंदिरों में भी मनाया राम जन्मोत्सव

पारायण समिति स्थित राम-जानकी मंदिर सहित नगर स्थित अन्य मंदिरों, देवालयों में भी दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रत्येक मंदिर में विषेष साज-सज्जा के साथ आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान उपरान्त भक्तों को प्रसादी का वितरण करवाया गया।



### रामकथा संपन्न, आज से आरंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

पारायण चौक में चल रही धार्मिक आयोजनों के तहत कल रामनवमी के साथ ही आठ दिनों से चल रही रामकथा का समापन हो गया। अब 28 मार्च को कलश-यात्रा निकाली जाएगी एवं भागवत कथा आरंभ होगी। पंडित प्रमोद नागर भक्तों को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। समिति पदादिकारीएवं सदस्यों ने नगरवासियों से सभी आयोजनों में उत्साह से भाग लेने का आगृह किया है। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में अन्य बड़े आयोजन भी करवाए जाने की रूपरेखा अन्य समिति, संगठनों द्वारा की जा रही है।



### मासूम की सांसों पर संकटः मां ने फंदा लगाया, 10 माह की बच्ची की हालत गंभीर

**गुना।** जिले के नानाखेड़ी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी, लेकिन उससे पहले अपनी 10 माह की मासूम बच्ची को भी मौत के मुंह में धकेलने की कोशिश की। बच्ची के मुंह और नाक में रुई ठूंसे जाने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई और उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और अस्पताल में दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय कीर्ति कुशवाह की शादी नानाखेड़ी निवासी नीतीश से हुई थी। दोनों की एक 10 महीने की बेटी है, जो अब जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। बताया जा रहा है कि शादी के शुरुआती समय में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बीते कुछ महीनों से पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद हो रहे थे। घर पर करीब एक लाख रुपए का बिजली बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया था, जिसे लेकर भी तनाव बढ़ गया था। घटना वाले दिन सुबह कीर्ति ने अपनी जेठानी के साथ पूजा की और फिर बच्ची को खाना खिलाने लगी। कुछ देर बाद जेठानी मंदिर चली गई। इसी दौरान कीर्ति ने मासूम के मुंह और नाक में रुई भर दी और खुद कमरे में फंदा लगाकर झूल गई। जब जेठानी वापस लौटी तो कीर्ति फंदे पर लटकी मिली, जबकि बच्ची जमीन पर बेसुध पड़ी थी। पड़ोसियों की मदद से महिला को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्ची को तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया गया, उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद अस्पताल में ससुराल और मायके पक्ष आमने-सामने आ गए। जहां ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं मायके पक्ष ने प्रताड़ना और मारपीट के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सबकी निगाहें उस मासूम पर टिकी हैं, जिसकी सांसों के साथ अब कई सवाल भी जुड़े हुए हैं।